कागज कानखाने को सरकार ने विदेशी मुद्रा के लिए गारंटी नही दी है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) और (ङ). जी, हां, कुछ प्रस्ताव विचाराधी नहीं।

**हैवी इन्जीनियरिंग कारपोरेशन तथा इस्पात संयंत्रों के बीच समन्वय**

1782. **श्री शशि भूषण : क्या इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग नामक नये मंत्रालय के बन जाने पर रांची की हैवी इन्जीनियरिंग कारपोरेशन तथा इस्पात संयंत्रों के उत्पादन और प्रशासन में किस प्रकार के समन्वय के स्थापित होने की सम्भावना है ; और

(ख) इस मंत्रालय के बन जाने से इस्पात और इन्जीनियरिंग उद्योग का कितना विस्तार होगा और उनके उत्पादन में कितनी वृद्धि होगी ?

**इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त)** : (क) बोकारो को उपकरणों की आपूर्ति हेतु भारी इन्जीनियरी कारपोरेशन का एक विशाल उत्पादन कार्यक्रम है । बोकारो इस्पात कारखाने द्वारा समय पर उत्पादन आरम्भ करने के लिए इस उत्पादन की प्रगति बड़ा महत्व रखती है । भारी इन्जीनियरी कारपोरेशन भिलाई, के लिए भी कुछ उपकरणों का निर्माण कर रहा है । कारपोरेशन यह चाहता है कि इसे सभी इस्पात कारखानों से, देशी साधनों से तथा विदेशों से, अपेक्षित किस्म का इस्पात नियमित रूप से मिलता रहे । भारी इन्जीनियरी कारपोरेशन और इस्पात कारखानों के परस्परावलम्बन के लिए काफी समन्वय की आवश्यकता है । इस्पात कारखानों और भारी इन्जीनियरी कारपोरेशन के एक ही मंत्रालय में होने से इस में बहुत सहायता मिलेगी ।

(ख) अच्छा सम्पर्क इस्पात कारखानों की स्थापना और उनके विस्तार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन तथा भारी इंजीनियरी कारपोरेशन के उपकरण-निर्माण की प्रगति में सहायक होगा । दीर्घकालीन दृष्टि से इससे सभी निर्माण-इकाइयों में अधिक उत्पादन होगा ।

**Railway Lands fit for Cultivation**

1738. SHRI K. SURYANARAYANA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the extent of Railway lands fit for cultivation and not immediately required for Railway purposes in various railway zones which were handed over to the Revenue Department of the State Governments for leasing them to cultivators or directly to the farmers under the Grow More Food Campaign from 1st April, 1961 to 31st March, 1968 ; and

(b) the money realised as revenue therefrom ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : (a) Cultivable Railway lands measuring 33,204.92 acres have been handed over to the State Governments and 29,627.94 acres have been directly allotted to cultivators/Railway employees by the Railway Administrations for Grow More Food Campaign.

(b) Rs. 22,92,983.86 has uptill now been realised for the period from 1-4-61 to 31-3-1968.

**Loan to Large and Small-Scale Industries**

1784. SHRI LOBO PRABHU : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased